# गोमांस और लोकायुक्त पर घेरेगा विपक्ष

## नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन आज

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 22 मार्च. नगर निगम परिषद का आज साधारण सम्मेलन रखा गया है, जो आईएसबीटी स्थित परिषद सभागृह में होगा. यहां शहर की कार्य योजनाओं पर चर्चा होगी. साथ ही बजट भी लाया जाएगा. इस बार नगर निगम में सीवेज, तालाब और मदों को लेकर विषेश निर्णय लिए जाने की संभावना है.**

वहीं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों जो वर्तमान में स्थाई कर्मी हैं, उनके नियमितिकरण का मुद्दा भी चर्चा का विषय हो सकता है. इस बार नगर निगम के बजट में सीवेज के अंतर्गत आने वाले चैंबर सफाई को लेकर बढ़ोत्तरी की संभावना है. वर्तमान में चैंबर की सफाई का छोटे वाहन के दो रुपए




और बड़े वाहन का पांच सौ रुपए चार्ज लिया जाता है, जो अनुमान है कि 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो सकती है. राजधानी में तालाब व उसके क्षेत्र के अंदर खेल विभाग के साथ ही अन्य गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, जिनका उपयोगिता के आधार पर दस से पंद्रह हजार रुपए तक का चार्ज लिया जाता है. वहीं गोमांस और लोकायुक्त पर विपक्ष सरकार को घेर सकता है.

### 31 मार्च तक संपत्तिकर पर 50 प्रतिशत की छूट

नगर निगम में संपत्तिकर जमा करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जिसके लिए जहां जोन स्तर पर कर्मचारी घर घर जाकर भी जमा करवा रहे हैं. वहीं प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है. जनता को नगर निगम के द्वारा पचास प्रतिशत की राहत भी दी जा रही है. यह राहत चालू वित्तीय वर्ष के संपत्तिकर को जमा करने में ही मिल रही है, जो 31 मार्च तक ही मिलेगी. अप्रैल माह में 15 प्रतिशत पेनाल्टी के साथ जमा करना होगा. उसके बाद यह 100 प्रतिशत पेनाल्टी के साथ जमा करना होगी. वहीं पूर्व से बकाया संपत्तिकर में किसी भी तरह की छूट नहीं है.

#### अब तक 1 करोड़ मिला संपत्तिकर

नगर निगम के द्वारा मार्च माह में सभी अवकाश के दिनों में संपत्तिकर जमा करने की सुविधा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही है. शनिवार को सभी जोनों में लगभग एक करोड़ का संपत्तिकर के रूप में नगर निगम को राजस्व प्राप्त हुआ. अब यह 31 मार्च तक प्रतिदिन बढ़ोत्तरी होने की संभावना है.

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज

जिला मूल्यांकन की समिति की सोमवार को बैठक होगी, जिसमें शहर की अचल संपत्तियों के दरों को बढ़ाने पर निर्णय लिया जाएगा. जिला मूल्यांकन समिति ने शहर की लगभग 2173 क्षेत्र चिन्हित किए थे, जिनमें से 732 पर मूल्य वृद्धि करने पर सहमति बनी है. विगत एक माह पहले हुई समिति की बैठक में जनता, बिल्डर्सों और सरकारी एजेंसियों से सुझाव, दावा और आपत्ति बुलाए गए थे. इस दौरान समिति को 63 दावा आपत्ति और सुझाव प्राप्त हुए थे. पिछले दिनों हुई बैठक में इन दावा आपत्ति और सुझाव पर चर्चा की गई थी.

# कारोबारी को मिली पुलिस की सुरक्षा

## लॉरेंस गैंग के नाम से मांगे थे 10 करोड़ रुपए

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 22 मार्च. कोलार थाना पुलिस ने लॉरेंस गैंग के नाम से मिली धमकी के मामले में कारोबारी को सुरक्षा मुहैया करा दी है. कारोबारी गौरव जैन से गैंग के नाम पर 10 करोड़ रुपए की मांग की गई थी. वॉट्सएप कॉल पर आरोपी ने जैन को जान से मारने की धमकी भी दी थी. मामले की शिकायत साइबर और कोलार थाने में दर्ज कराई गई. अब कोलार पुलिस ने जांच करते हुए कारोबारी को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कर दी है.**

जानकारी के मुताबिक गौरव जैन की सुरक्षा के लिए कोलार पुलिस ने चार सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात किए हैं. इसमें दो



पुलिसकर्मी कोलार थाने के हैं और दो लाइन से भेजे गए हैं. यह पुलिसकर्मी 24 घंटे कारोबारी जैन को सुरक्षा देते रहेंगे. इसके साथ ही मामले में पुलिस की कार्रवाई भी जारी है. फोन पर धमकी देने वाले आरोपी का नंबर भी ट्रेस किया जा रहा है. पुलिस अब आरोपी का रिकॉर्ड भी खंगाल रही है. पुलिस की शुरूआती जांच में अब तक यह सामने आया है कि जिस नंबर से कॉल और मैसेज आया है वह विदेशी नंबर हैं. पूरे मामले की जांच में कोलार और सायबर थाना पुलिस जुटी है.

इससे पहले कोलार पुलिस ने शुक्रवार को गौरव जैन की शिकायत पर रंगदारी मांग कर उन्हें जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था. लारेंस गैंग के नाम पर भोपाल में किसी व्यक्ति को धमकी देने का यह पहला मामला सामने आया है. 42 वर्षीय फरियादी गौरव जैन की एक ज्वेलरी शॉप है. 18 मार्च को एक विदेशी मोबाइल नंबर से अंजान वॉट्सएप कॉल आया था. कॉलर ने खुद को लारेंस गैंग का बताया था. कॉलर ने अपना नाम हैरी बाक्सर बताते हुए 10 करोड़ रुपये की व्यवस्था करने को पीड़ित से कहा था.

## रातीबड़ में शराब दुकान के विरोध में प्रदर्शन

**भोपाल, 22 मार्च. नीलबड़-रातीबड़ मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम बेरखेड़ी वजयाफ्त की सीमा में कंपोजिट स्कीम के अंतर्गत प्रस्तावित मदिरा दुकान को लेकर विरोध तेज हो गया है.**

स्थानीय ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक संगठनों ने इस दुकान के खुलने पर कड़ा विरोध करते हुए प्रदर्शन किया. लोगों ने शराब दुकान खुलने का विरोध करते हुए कहा- बेरखेड़ी जोड़ पर आईईएस कॉलेज के सामने शराब की दुकान खुल रही है. इसका हम विरोध करते हैं पहले भी महिलाओं, बच्चों और क्षेत्र के लोगों ने इसका बहुत विरोध किया था. तब इसको यहां से हटाकर सरवर के पास खोला गया था.

# एमपी पुलिस भर्ती में हो सकता है बड़ा बदलाव

- पुलिस उप निरीक्षक और सूबेदार भर्ती प्रक्रिया में चेंज के आसार
- पुलिस मुख्यालय में किया जा रहा प्रस्ताव तैयार

**भोपाल, 22 मार्च. मध्य प्रदेश में पुलिस उप निरीक्षक ( एसआई ) और सूबेदार भर्ती प्रक्रिया में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है. प्रस्ताव के अनुसार अब अभ्यर्थियों को चार चरणों के बजाय केवल दो चरणों की परीक्षा देनी होगी. इस संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसे शासन को भेजा जाएगा.**

नए प्रस्ताव के तहत प्रारंभिक परीक्षा और लिखित परीक्षा को



मिलाकर एक ही परीक्षा आयोजित की जाएगी. इस परीक्षा में वस्तुनिष्ठ और विषयनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे. इसके अलावा शारीरिक दक्षता परीक्षा और साक्षात्कार भी एक साथ आयोजित किए जाएंगे. पीपीटी पास करने वाले अभ्यर्थियों का उसी दिन इंटरव्यू लिया जाएगा, जिससे उन्हें बार-बार आने की जरूरत नहीं पड़ेगी. भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए साक्षात्कार के अंक 50 से घटाकर 10 करने का प्रस्ताव है.

अधिकारियों के अनुसार इससे चयन प्रक्रिया में पक्षपात की संभावना कम होगी और मेरिट अधिक निष्पक्ष तरीके से तैयार हो सकेगी. इस बदलाव से उम्मीदवारों को कई लाभ मिलेंगे. उन्हें अब दो बार परीक्षा देने के बजाय केवल एक बार परीक्षा देनी होगी, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी. साथ ही परीक्षा परिणाम भी जल्दी घोषित किए जा सकेंगे. पीपीटी और इंटरव्यू एक ही दिन होने से प्रक्रिया और सरल हो जाएगी. गौरतलब है कि पिछले 15 वर्षों में यह चौथी बार है, जब भर्ती नियमों में बदलाव किया जा रहा है. वर्ष 2012 तक केवल एक लिखित परीक्षा होती थी.

# चार बदमाशों ने दो नाबालिगों को चाकू से किया जख्मी

**भोपाल, 22 मार्च. पुरानी रंजिश के चलते चार बदमाशों ने दो नाबालिग लड़कों पर जानलेवा हमला कर दिया. बदमाशों के चाकू से किए गए हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. ऐशबाग थाना पुलिस ने घटना सामने आने पर मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी.**

जानकारी के मुताबिक दो नाबालिग शनिवार की रात नए रेलवे ब्रिज के नीचे खड़ा था. तभी बदमाश अरमान अपने तीन अन्य साथियों अब्बा जोगी, भैय्यू और आसिफ के साथ वहां पहुंचा. नाबालिगों से बहस करते हुए अरमान ने अपने साथियों के साथ चाकू से हमला कर दिया. दोनों नाबालिग लड़के हमले में घायल हो गए हैं.

मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों अस्पताल में भर्ती कराया. घायलों के बयान के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है. पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अरमान से नाबालिग का कुछ समय पहले एमपी नगर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. इस बात का बदला लेने के इरादे से अरमान ने अपने साथियों के साथ नाबालिग पर हमला कर दिया. इस हमले में नाबालिग का साथी भी घायल हो गया. ऐशबाग थाना पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपियों की तलाश कर रही है.

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर का अज्ञात ने छीना मोबाइल

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 22 मार्च. गोविंदपुरा थाना इलाके में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर से मोबाइल लूट की वारदात पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही है. गुम हुए मोबाइल की कीमत 50 हजार की बताई गई है.**

जानकारी के मुताबिक फरियादी सुयश कुमार पांडे (30) एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं. सुयश मूलत: अनूपपुर के रहने वाले हैं और इंदौर में जॉब करते हैं. करीब एक महीने पहले वह भोपाल अपने रिश्तेदार के यहां आए थे. आईएसबीटी से पैदल चलते हुए जब सुयश फोन पर बात कर रहे थे. इस दौरान अज्ञात बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया और मौके से फरार हो गया. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है. घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं. अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है.

# नगर निगम में नई टेक्नोलॉजी की लगाई लिफ्ट

- लाइट गुल होने पर अपने आप आ जाएगी नीचे
- लिफ्ट में खराबी होने पर भी नहीं होगी दुर्घटना

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 22 मार्च. नगर निगम भोपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नए बहुमंजिला आवासों में उपभोक्ताओं को नई टेक्नोलॉजी से तैयार लिफ्ट लगाया जा रहा है. जिससे अब जनता को खराब होने या बिजली गुल होने की स्थिति में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा.**



वर्तमान में जितनी भी लिफ्ट लगाई जा रही हैं. सभी में यह खासियत है कि बिजली गुल हो गई या फिर किसी कारण वश लिफ्ट बंद हो गई तो वह अपने आप सबसे नीचे वाले तल पर धीरे-धीरे पहुंच जाएगी और फिर उसका दरवाजा भी खुल जाएगा, जिससे लिफ्ट में फंसे व्यक्ति आराम से बिना किसी परेशानी के बाहर निकल सकेंगे.

अभी पुरानी आवासों या कॉम्पलेक्सों में जितनी भी लिफ्ट लगी हैं उनमें व्यक्तियों को परेशानी होती थी. किसी कारणवश अगर लिफ्ट खराब होती है या बिजली गुल हो जाती है, तो वह उसी मंजिल पर या बीच में कहीं भी रुक जाती है. साथ ही उसके दरवाजे भी नहीं खुलते है, जिससे लिफ्ट में फंसे व्यक्ति को घबराहट होने लगती है. वहीं शनिवार को नगर निगम के प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गंगा नगर में निर्माणाधीन भवन में हादसा होने से बचा.

# निर्माणाधीन ब्रिज के पिलर से कार टकराने पर चालक की मौत

**भोपाल.** खजूरी सड़क थाना इलाके में निर्माणाधीन ब्रिज के पिलर से एक कार रविवार को टकरा गई. इस हादसे में चालक की मौके पर हो गई. कार में सवार अन्य लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया.

जानकारी के मुताबिक खजूरी जोड़ भोपाल-इंदौर हाइवे पर हादसा उस दौरान हुआ, जब एक कार सुबह के समय अचानक से टकरा गई. मौके पर मौजूद लोग घटना स्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया. हादसे के दौरान कार चालक गौरव सिंह (25) की मौत हो गई. गौरव भोपाल के अवधपुरी के रहने वाले थे और एक ट्रैवल्स कंपनी का भी संचालन करते थे. गौरव के चार दोस्त हादसे के दौरान कार में सवार थे. सभी लोग गौरव के फूफा के निधन की सूचना पर कार्यक्रम में शामिल होने के जा रहे थे, तभी इस दौरान हादसा हो गया. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची खजूरी सड़क थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

# गौतम नगर थाने में युवक ने खुद को लगाई आग

**एक पुलिसकर्मी भी झुलसा**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 22 मार्च. गौतम नगर थाने में शिकायत लेकर आए एक 21 वर्षीय युवक ने रविवार दोपहर को खुद आग के हवाले कर दिया. इस मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाई. घटना के दौरान एक प्रधान आरक्षक के हाथ भी झुलस गया. अब पुलिस ने युवक के खिलाफ आत्महत्या के प्रयास करने सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है.**




जानकारी के अनुसार राहुल पंथी नामक का युवक थाने पहुंचा. उसका आरोप था कि पायल नाम की युवती उसके उधार के पैसे नहीं लौटा रही है. युवती उस पर गलत आरोप भी लगा रही है. राहुल ने पुलिस को बताया कि टीला जमालपुरा में रहने वाली युवती के परिजन भी उसके साथ मारपीट कर चुके हैं. इस दौरान गौतम नगर थाने में डयूटी ऑफिसर ने राहुल से टीला जमालपुरा थाने में रिपोर्ट क्यों नहीं दर्ज कराने का सवाल किया, तभी राहुल गुस्से में आ गया और थाने के गेट के सामने खुद को आग के हवाले करने की कोशिश की.

गौतम नगर कॉलोनी निवासी राहुल के साथ इस दौरान उसकी मां भी साथ में थी. बताया जा रहा है कि घटना के दौरान थाने के प्रधान आरक्षक प्रवीण ठाकुर जब राहुल को बचाने की कोशिश कर रहे थे, तभी उनका हाथ भी आग से झुलस गया. मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है.

# एम्स में मोबाइल चोरी करते हुए आरोपी पकड़ाया

- लोगों ने किया पुलिस के हवाले

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 22 मार्च. एम्स परिसर से चार्जिंग पर लगे मोबाइल की चोरी करने की कोशिश में एक आरोपी को पकड़ कर लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया. परिसर में मौजूद सुरक्षाकर्मियों की मदद से आरोपी को चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ गया.**

आरोपी जब मौका देखकर भागने लगा, तभी लोगों ने उसके पीछे दौड़कर उसे पकड़ा. बागसेवनियां थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई की है.


जानकारी के मुताबिक परिसर के अंदर ईद उल फितर के मौके पर छुट्टी के चलते ओपीडी बंद रहा. परिसर खाली होने के दौरान आरोपी ने चार्जिंग पर लगा एक युवक का फोन चोरी करने की कोशिश की. इस दौरान कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ी और लोगों ने शोर मचा दिया. शोर सुनकर आरोपी तुरंत ही भागने लगा. इस दौरान परिसर में मौजूद सुरक्षाकर्मियों की मदद से आरोपी को दौड़कर पकड़ा गया.

# विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने किया अवलोकन

**भोपाल, 22 मार्च. विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रविवार तक नई दिल्ली में ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और वैश्विक नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप वैश्विक विद्युत परितंत्र में भारत की भूमिका को मजबूत करने और निवेश, प्रौद्योगिकी साझेदारी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित चार दिवसीय भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के सचिव पंकज अग्रवाल ने मध्यप्रदेश ऊर्जा विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया.**

## भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026





अग्रवाल ने भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में ऊर्जा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की पांचों विद्युत कंपनियों की संयुक्त प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं प्रदर्शनी की सराहना की.

नई दिल्ली में आयोजित इस चार दिवसीय भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा बिजली के अवैध और अनधिकृत उपयोग की रोकथाम के लिए चलाई जा रही इनफॉर्मर स्कीम के साथ ही वी मित्र एप, उपाय एप और स्मार्ट बिजली एप की प्रशंसा की. उन्होंने रिवेंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम में किए जा रहे कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी को देखा.

अग्रवाल ने केंद्र सरकार प्रवर्तित योजना पीएम जनमन योजना में 28 हजार से अधिक कनेक्शन प्रदान करने की प्रगति को सराहा. उन्होंने प्रदर्शनी में ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा विद्युतीय क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों, उत्पादन और वितरण क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और आधुनिक तकनीकों का अवलोकन किया.



# आत्महत्या कर रहे युवक को पुलिसकर्मियों ने बचाया

- डायल 112 के हेड कांस्टेबल व स्टाफ ने दिखाई बहादुरी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 22 मार्च. टीटी नगर थाना इलाके में आत्महत्या कर रहे एक युवक को पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर बचाया. डायल 112 के हेड कांस्टेबल की बहादुरी से एक युवक को बचाते हुए उसके परिजनों के हवाले किया गया.**

जानकारी के मुताबिक डायल 112 में हेड कांस्टेबल उमेश पटेल और पायलट योगेंद्र सिंह सिकरवार को सूचना मिली कि इलाके में एक युवक फांसी का फंदा तैयार कर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा है. यह सूचना मकान मालिक ने खुद ही डायल 112 पर दी. मकान मालिक ने बताया कि युवक उसका किराएदार है और कमरे में फांसी लगा रहा है. मौके पर पहुंच कर पुलिसकर्मी गेट खुलवाया और फांसी लगाने का प्रयास कर रहे युवक तक पहुंचे. बहादुरी का परिचय देते हुए उमेश पटेल ने फंदे की रस्सी काटकर युवक को बचाया. युवक को तुरंत ही मेडिकल सुविधा भी दी गई इसके बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया.

**अभियान** कलेक्टर के निर्देशन में पुराने तालाब, बावड़ियों और कुओं का होगा जीर्णोद्धार

# जल संरक्षण के प्रति जन जागरुकता बढ़ाने दिला रहे शपथ

- वॉटर लेबल बढ़ाने रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष जोर


नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 22 मार्च. राजधानी में पानी का जल स्तर बढ़ाने के लिए कलेक्टर के निर्देशन में प्रशासन कार्य कर रहा है. इसके लिए जल संरक्षण संवर्धन अभियान भी 19 मार्च से शुरू किया गया है, जो 30 मार्च तक जारी रहेगा. इस अभियान को जारी रखते हुए नागरिकों को शपथ दिलाई जा रही है.**

अभियान को जन आंदोलन के रूप में नगरीय और ग्रामीण



क्षेत्रों में संचालित जा रहा है. अभियान की शुरुआत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले जल स्रोतों तथा देवालयों के आसपास जल संरक्षण कार्यों से की जा रही हैं. अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन,



राजस्व, जल संसाधन, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नर्मदा घाटी विकास, वन, पर्यावरण, कृषि, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जन अभियान परिषद तथा उद्योग एवं एमएसएमई विभाग सहित अनेक विभाग सहभागिता कर रहे हैं.

### जलस्तर में गिरावट को रोकने की पहल

वैसे तो राजधानी में तालाबों की भरमार है जिससे शहर के जल स्तर को स्थिर बनाये रखने के लिए बड़ी भूमिका रहती है. लेकिन फिर भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों आज भी कुछ तालाब और कुएं, बावड़ियां खुर्दबुर्द हो चुके हैं, जो पुराने समय में जनता के लिए पानी उपयोग के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं, लेकिन अब शहरी हो या ग्रामीण सब जगह नलों से पानी की आपूर्ति नगर निगम और पंचायत के द्वारा की जाती है. जलस्तर में गिरावट को रोकने के लिए तालाब और कुएं, बावड़ियों का जीर्णोद्वार के लिए जल संरक्षण संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है.

### आम नागरिकों को भी दिलाई जा रही शपथ

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जल संरक्षण संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में तालाबों का गहरीकरण, नदियों और नालों की सफाई, कुओं-बावड़ियों के जीर्णोद्वार तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर कार्य किया जा रहा है. जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है.

## रविवार को हुई 377 रजिस्ट्रियां

**भोपाल.** राजधानी में रविवार को रजिस्ट्रियों में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है. यह सब सब रजिस्ट्रार के स्लाटों की गई बढ़ोत्तरी और नव दुर्गा महोत्सव के वजह से भी हुई है. इन दोनों वजह से संपत्तियों की खरीददारी बढ़ गई है. जानकारी के अनुसार आईएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालय में बिना अवकाश के रजिस्ट्री का कार्य जारी रहा है, जिससे कुल 377 रजिस्ट्रियां हुई और करीब 9 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है. शनिवार को जहां ईद के त्यौहार की वजह से रजिस्ट्रियों की संख्या कम रही. वहीं राजस्व में भी गिरावट दिखी.

## घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत

**भोपाल, 22 मार्च.** मिसरोद इलाके में सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई. हादसे में गंभीर रूप से घायल मृतक के साथी का इलाज अभी जारी है. मिसरोद थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार जितेश जाटव (21) अपने एक साथी के साथ बीते बुधवार को बाइक से जा रहा था. इस दौरान रास्त में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर अचानक फिसल गई. बाइक से गिरने के कारण दोनों युवकों गंभीर चोटें आईं. घायलों को लोगों ने तुरंत ही नजदीकी अस्पताल पहुंचया. हादसे तीन दिन बाद शनिवार को जितेश की इलाज के दौरान मौत हो गई. जितेश के साथी का घायल अवस्था में इलाज चल रहा है.